मनवा रुक जा अब तू भज ले, तज विरथा सारे काम,

(राम का नाम) 4

जल्दी कर ले, ढल ना जाए,तेरे जीवन की ये शाम..

(राम का नाम) 4

बोलो राम राम राम, बोलो राम राम राम

जै जै राम राम राम, जै जै राम राम राम

(क्षणभंगुर ये जीवन, पत्तों सा जब झड़ जाएगा

प्राण पखेरू जो उड़ जाए, हाथ न कछु आयेगा) 2

(हीरा जन्म अमोलक पाया, ना जाने दे बेकाम) 2

(राम का नाम) 4

बोलो राम राम राम,बोलो राम राम राम

जै जै राम राम राम, जै जै राम राम राम

(नाशवान जीवन है तो क्या, तू तो अविनाशी है

निर्भय हूँ मैं भले अकेला, संग घट घट वासी है) 2

(भवसागर में जो डूबे को, तारे वो पतवार) 2

(राम का नाम) 4

बोलो राम राम राम, बोलो राम राम राम

जै जै राम राम राम, जै जै राम राम राम